ESTD. 2015

# ANNUAL REPORT 2025-26
# G.C.Panarsa, Dist. Mandi, H.P.



**परिचय** : राजकीय महाविद्यालय पनारसा हिमाचल प्रदेश के जिला मण्डी की शनोर घाटी के एक छोटे से गाँव पनारसा में स्थित है। व्यास नदी के दाहिने छोर पर स्थित, प्राकृतिक सोन्दर्य से घिरे इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2015 में की गयी थी। तब से यह महाविद्यालय छात्रों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। यह महाविद्यालय सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मंडी से संबद्ध है जो छात्रों को कला स्नातक एवं वाणिज्य स्नातक में पाठ्यक्रम प्रदान करता है।

किसी भी संगठन की सफलता उसके कर्मचारियों पर निर्भर करती है। महाविद्यालय में ईमानदार और मेहनती कर्मचारियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्तमान में महाविद्यालय में प्राचार्य के अतिरिक्त 10 शिक्षक और 7 गैर-शिक्षक कर्मचारी शामिल हैं जिसमे वाणिज्य संकाय में 1 व कला संकाय में 9 प्राध्यापकों समेत कुल 10 प्राध्यापक हैं, जबकि गैर-शिक्षक कर्मचारियों में 1 अधीक्षक ग्रेड-2, 1 पुस्तकालय सहायक, 1 वरिष्ठ सहायक, 4 सेवादार व 1 सफाई कर्मचारी सेवारत हैं । वाणिज्य संकाय में शिक्षक का 1 पद, कला संकाय में 1 पद, औरगैर-शिक्षक कर्मचारियों में 2 लिपिक एवं 1 सेवादार का पद रिक्त है।

**नामांकन** : शैक्षणिक सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों की कुल संख्या 324 रही जिसमें लड़कों के मुकाबले लड़कियों की संख्या अधिक है । लड़कियों की कुल संख्या 215 है, जबकि लड़कों की कुल संख्या 109 है। महाविद्यालय में विभिन्न सकायों के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या क्रमवद्ध रूप से निम्नलिखित प्रकार से वर्णित है:-

**Enrolment of Students B.A./B. Com for the session 2025-26**

| Course | Class Wise Enrolment | GEN | | SC | | ST | | OBC | | IRDP | | Total-Boys | Total-Girls | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls | | | |
| B.A. | B.A. (Year 1) | 23 | 42 | 14 | 23 | 3 | 0 | 1 | 2 | 1 | 3 | 42 | 70 | 112 |
| | B.A. (Year 2) | 26 | 40 | 7 | 23 | 0 | 1 | 1 | 3 | 0 | 1 | 34 | 68 | 102 |
| | B.A. (Year 3) | 20 | 56 | 5 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25 | 66 | 91 |
| | Total | 69 | 138 | 26 | 56 | 3 | 1 | 2 | 5 | 1 | 4 | 101 | 204 | 305 |
| | | | | | | | | | | | | | | |
| B. Com | B. Com (Year 1) | 1 | 2 | 3 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 5 | 9 |
| | B. Com (Year 2) | 3 | 4 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 5 | 9 |
| | B. Com (Year 3) | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| | Total | 4 | 7 | 4 | 3 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 11 | 19 |
| | | | | | | | | | Total (BA+B.Com) | | | 109 | 215 | 324 |

| संकाय | कक्षा | कुल संख्या | उतीर्ण छात्र | महाविद्यालय प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| कला स्नातक | प्रथम बर्ष | 104 | 86 | 82% |
| | द्वितीय बर्ष | 90 | 83 | 93% |
| | तृतीय बर्ष | 86 | 86 | 100% |
| वाणिज्य स्नातक | प्रथम बर्ष | 9 | 8 | 90% |
| | द्वितीय बर्ष | 1 | 1 | 100% |
| | तृतीय बर्ष | 4 | 4 | 100% |

**स्थानान्तरण , सेवानिवृत्ति  एवं पदोन्नति :** स्थानान्तरण कर्मचारियों की सहज प्रक्रिया मानी जाती है। इसके साथ सेवानिवृति कर्मचारी के जीवन का कठोर यथार्थ है। इस महाविद्यालय में सत्र 2025-26 में स्थानांतरित हुए कर्मचारियों का ब्यौरा निम्न है :-

**स्थानान्तरण** : डॉ. चारू अहलुवालिया (सहायक आचार्या, अंग्रेजी)

**आगमन** : डॉ. लीना (सहायक आचार्या, अंग्रेजी),श्री सुरेश (सहायक आचार्य, समाज शास्त्र), डॉ. कविता कटोच (सहायक आचार्या, वाद्य संगीत), श्री विजय (सहायक आचार्य, संस्कृत), श्री टिक्कमे राम (सेवादार)

**सेवानिवृत्ति** : कोई नहीं

**पदोन्नति :** कोई नहीं

# प्राध्यापकों की उपलब्धियां :

**डॉ. डिंपल जामटा, सहायक आचार्य (वाणिज्य)**

- Ø 1 से 7 मई 2025 तक पालमपुर महाविद्यालय द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक एफ.डी.पी. प्रोग्राम में भाग लिया।
- Ø 19 से 21 मई 2025 तक अमर कंटक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित चौदह दिवसीय रिफ़्रेशर कोस पूर्ण किया।
- Ø 3 से 4 नवंबर 2025 को चम्बा महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- Ø 23 से 27 फ़रवरी 2025 तक एफ.डी.पी. प्रोग्राम में भाग लिया।

**डॉ. निशा शर्मा, सहायक आचार्य (संगीत)**

- Ø 1 से 7 मई 2025 तक पालमपुर महाविद्यालय द्वारा आयोजित एक साप्ताहिक एप.डी.पी. प्रोग्राम में भाग लिया।
- Ø 11 से 12 सितंबर 2025 तक राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा द्वारा आयोजित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया ।
- Ø 23 से 27 फ़रवरी 2025 तक एफ.डी.पी. प्रोग्राम में भाग लिया ।

**कृष्ण लाल, सहायक आचार्य (इतिहास):**

- Ø 24 जून 2025 में ग्रेट हिमालय नेशनल पार्क शाईरोपा, बंजार जिला कुल्लू द्वारा आयोजित विश्व धरोहर उत्सव-2025 में महाविद्यालय की क्रिकेट टीम के साथ भाग लिया।
- Ø 16 से 22 सितम्बर 2025 तक सामुदायिक विकास प्रकोष्ठ और इतिहास विभाग राजकीय महाविद्यालय पनारसा, जिला मंडी एवं हेरिटेज फाउंडेशन मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में समझौता ज्ञापन के अंतर्गत 7 दिवसीय संग्रहालय निर्माण प्रशिक्षण कार्यशाला में बतौर संयोजक भाग लिया।
- Ø 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव में भाग लिया।

**हीरा सिंह, सहायक आचार्य (अर्थशास्त्र)**

- Ø जनवरी, 2026 में चितकारा विश्वविद्यालय, राजपुरा, पंजाब में अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।

**रत्तन देव,सहायक आचार्य (राजनीति शास्त्र)**

- Ø जनवरी, 2026 में चितकारा विश्वविद्यालय, राजपुरा, पंजाब में अन्तराष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लिया।
- Ø 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव में भाग लिया व कविता पाठ किया।

## डॉ. लीना वैद्य ,सहायक आचार्या (अंग्रेजी)

- 7 से 11 जुलाई 2025 तक ने एसआरएम यूनिवर्सिटी दिल्ली, एनसीआर सोनीपत द्वारा आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोगाम ऑन "डिजिटल एंड ए आई टेक्निक्स इन ह्यूमैनिटीज क्लासरूम" में भाग लिया।

- 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025, को रिसर्च इंस्टीट्यूशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित फैकेल्टी डेवलपमेंट प्रोगाम ऑन "Innovative teaching and learning pedagogy" में भाग लिया।

- नवंबर 2025 को डिपार्टमेंट ऑफ इकोनॉमिक्स एंड स्टैटिसटिक्स, गवर्नमेंट ऑफ हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला " वर्कशॉप ऑन इंप्रूविंग कोऑर्डिनेशन एंड अवॉइडिंग डुप्लीकेशन ऑफ स्टैटिसटिक्ल एक्टिविटीज" में भाग लिया।

- हिमाचल प्रदेश की भाषा एवं सांस्कृतिक विभाग की द्वि मासिक पत्रिका के नवंबर-दिसंबर 2025 के अंक में दो कविताएं प्रकाशित हुई।

- 27 फरवरी से 1 मार्च तक तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव में भाग लिया व कविता पाठ किया।

- 4 और 5 मार्च 2026 को, Sir Parashurambhau College, Savitribai Phule Pune University द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन"Reimagining Knowledge: Voices, Expression, Counter Narratives of the Humanities and Social Sciences in the Era of AI Driven Technology", में Resource Person के रूप में भाग लिया,और "Reading Transgender Lives through Intersectionality and Social Location: Gendered Embodied Inequality" विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया।

## पुस्तकालय अध्यक्ष की उपलब्धियां :

- Ø राजकीय महाविद्यालय पनारसा और निर्मला महाविद्यालय मुवत्तुपुजा केरल के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत 19 जनवरी से 29 जनवरी तक एक छात्र विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 16 छात्रों ने पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती बिंदु के साथ भाग लिया।

- Ø 24 February 2026: NDLI User Awareness Programme (Online) National Digital Library of India (NDLI) और NDLI Club के उपयोग पर GCTE Dharamshala द्वारा आयोजित ऑनलाइन यूज़र अवेयरनेस कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम में डिजिटल लाइब्रेरी के माध्यम से अध्ययन सामग्री, ई-बुक्स तथा शोध संसाधनों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने के बारे में जानकारी प्राप्त की।

- Ø 7 March 2026: Webinar on Enhancing Research Visibility and Use of ORCID (Online) “Enhancing Research Visibility and Use of ORCID” विषय पर आयोजित वेबिनार में भाग लिया। इसमें ORCID (Open Researcher and Contributor ID) के माध्यम से शोधकर्ताओं की एक विशिष्ट डिजिटल पहचान बनाने तथा अपने शोध कार्य की वैश्विक दृश्यता (Research Visibility) बढ़ाने के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई।

**अभिभावक -शिक्षक संघ :** अध्यापकों-छात्रों-अभिभावकों के बीच संवाद कायम करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में पीटीए का गठन प्रतिवर्ष किया जाता है। संघ न केवल महाविद्यालय प्रशासन के साथ विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों में सहयोग करता है, बल्कि अपने सुझावों द्वारा एक सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण भी करता है। सत्र 2025-26 के लिए गठित संघ का विवरण इस प्रकार है:-

**प्रधान :** श्री वीर सिंह **उप-प्रधान :** श्री मनी राम
**सचिव :** श्री हीरा सिंह (सहायक आचार्य अर्थशास्त्र )
**सह-सचिव :** निशा देवी
**कोषाध्यक्ष :** प्रकाश चंद
**सदस्य :** सभी अभिभावक एवं अध्यापकगण

सत्र 2025-26 में पीटीए में कुल 166092 रुपए की धनराशि आय के रूप में प्राप्त हुई, इसमें से 2025-26 में 601211 रुपए की धनराशि विभिन्न विकासात्मक / सांस्कृतिक गतिविधियों व छात्रों के हितों से जुड़े अन्य कार्यों हेतु व्यय की गई। अब पीटीए में कुल बचत धनराशि 92195 रुपए है ।

**केंद्रीय छात्र संगठन (एससीए):** महाविद्यालय के कार्य को सुचारू रूप से चलाने के लिए तथा विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को प्राचार्य तक पहुंचाने के लिए महाविद्यालय में प्रत्येक वर्ष केंद्रीय छात्र परिषद का गठन किया जाता है। सत्र 2025-26 के लिए गठित **केंद्रीय छात्र संगठन (एससीए)** का विवरण इस प्रकार है:-

**अध्यक्ष:** वंशिका (कला स्नातक तृतीय वर्ष)

**उपाध्यक्ष:** ललिता ठाकुर (कला स्नातक तृतीय वर्ष)

**सचिव:** सीमा ठाकुर (कला स्नातक द्वितीय वर्ष)

**सह-सचिव:** शेर सिंह (कला स्नातक प्रथम वर्ष)

# छात्रवृतियां

वित्त वर्ष 2024-25 के अतर्गत अलग-अलग योजनाओं के तहत विभिन्न वर्गों के विद्यार्थियों को छात्रवृतियां प्रदान की गई।

- Ø अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए केंद्र प्रायोजित पोस्ट मेट्रिक छात्रवृति योजना के तहत 13 विद्यार्थियों को छात्रवृति प्रदान की गई।
- Ø हिमाचल प्रदेश सरकार के अंतर्गत कल्पना चावला छात्रवृति 02 छात्राओं को प्रदान की गई।
- Ø केंद्रीय क्षेत्र छात्रवृत्ति योजना, जो मेधावी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इस योजना के अंतर्गत महाविद्यालय के 06 विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की गई।

**वार्षिक पत्रिका:** महाविद्यालय के वार्षिक पत्रिका **'अर्जिक्या'** विद्यार्थियों की लेखन प्रतिभा को उजागर करने का सुअवसर प्रदान करती है। इस पत्रिका की **मुख्य सम्पादक डॉ. लीना वैद्य** है। इस सत्र के विभिन्न विषयों के प्राध्यापक एवं छात्र/छात्रा सम्पादकों का विवरण इस प्रकार है:

| **क्रम संख्या** | **अनुभाग** | **प्राध्यापक सम्पादक** | **छात्र सम्पादक** |
|---|---|---|---|
| 1 | अंग्रेजी | **डॉ. लीना वैद्य** (सहायक आचार्य अंग्रेजी) | **आर्यव्रत** (कला स्नातक तृतीय वर्ष) |
| 2 | हिंदी | **श्रीमती अनीता** (सहायक आचार्य हिंदी) | **किरण वेदी** (कला स्नातक तृतीय वर्ष) |
| 3 | पहाड़ी | **श्री कृष्ण लाल** (सहायक आचार्य इतिहास) | **नगमा देवी** (कला स्नातक तृतीय वर्ष) |
| 4 | वाणिज्य | **डॉ. डिंपल जामटा** (सहायक आचार्य वाणिज्य) | **प्रियंका** (वाणिज्य स्नातक तृतीय वर्ष) |


# समझौता ज्ञापन (MoUs)

विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल एवं ज्ञानवृद्धि हेतु महाविद्यालय ने देश व प्रदेश की विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाओं के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें **हिमतरु प्रकाशन समिति कुल्लू**, **भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला मंडी**, **वन विभाग कुल्लू एवं वन विभाग पनारसा** प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अतिरिक्त सत्र 2025-26 में **छात्र विनिमय कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय मुवत्तुपुजा केरल** के साथ भी महाविद्यालय ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**समझौता ज्ञापन (MoUs) के अंतर्गत** छात्र विनिमय कार्यक्रम:

- Ø राजकीय महाविद्यालय पनारसा और निर्मला महाविद्यालय मुवत्तुपुजा केरल के बीच हुए एमओयू के अंतर्गत 19 जनवरी से 29 जनवरी तक एक छात्र विनिमय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 16 छात्रों ने पुस्तकालयाध्यक्ष श्रीमती बिंदु के साथ भाग लिया।
- Ø 27 फरवरी से 1 मार्च 2026 तक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने डॉ. लीना वैद्य, श्री रतन और श्रीमती बिंदु के नेतृत्व में हिमतरु प्रकाशन समिति कुल्लू द्वारा आयोजित तीन दिवसीय साहित्य उत्सव कुल्लू में समझौता ज्ञापन के अंतर्गत भाग लिया

# E- News Letter ECHOES



राजकीय महाविद्यालय पनारसा, मंडी (हि०प्र०)

ECHOES

अंक 2 वर्ष 2025

What could be more divine than receiving education in God's own land! Village Panarsa opens the corridor to the valley of Gods, the much-famed Kullu Valley Situated at the right bank of the river Beas, 25 kilometers to the south of Kullu town and 45 kms to the north of Mandi on NH-21. Govt. College Panarsa was established in the year 2015 amid all embracing orchards, green pines and wooded environs. A hundred-year-old Govt. Senior Secondary Panarsa School is in its close vicinity with spectacular Himalayan range and the nearby legendary Parashar Lake. It is an ideal place for a higher learning educational institution. It is like a dream come true to the people of the surrounding areas to have higher education at their doorstep. At present college offers a graduate program in Arts and Commerce streams. Initially, the college was started in the makeshift accommodation in the premises of the Govt. School. The school authority has been providing all assistance to the college including a huge playground which is open to college students also. The construction work of the new building of college has already started and in near future, the college will have its own campus. Raised platforms have been built in all the classrooms. Sports equipment Students are expected to utilize their time positively and creatively in the temple of learning and develop the qualities of humility, compassion, determination and confidence and should strive to become civilized citizens of tomorrow.







# Academic and co-curricular activities




# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) – प्रवेश सहायता हेल्प डेस्क 23-30 जून



# Seminar and Workshop on “Harmony with Nature”















# Vishwa Dharohar Utsav–24th–25th June, 2025



दिनांक 7 जुलाई 2025 को महाविद्यालय में इंडक्शन कार्यक्रम (परिचय कार्यक्रम) का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा उन्हें महाविद्यालय के वातावरण,



# Student–Teachers Coordination Committee





Student engagement
Academic support
Leadership development
Community development
Cultural events
Skill development
Benefits:
The Student–Teacher Coordination Committee will provide numerous benefits to students, including:

- Opportunities for leadership development
- A platform for students to participate in various activities and events
- A sense of responsibility and ownership among students
- Seamless functioning of activities even in the absence of teachers or principal

# 12th July 2025
# “Alumni Interactive Session with Students”



# Awareness Campaign Regarding various central and state level scholarship schemes 08th August 2025




"Awareness Regarding Various Central and State level Scholarship Schemes"
08 th Aug,2025

On 08/08/2025 Scholarship Committee organise a lecture on "Awareness Regarding Scholarship Schemes". Nodel officer Dr. Dimple Jamta provides information to the students about various central and state level scholarship schemes i.e. central sector schemes of scholarship for college and University students, centrally sponsored post matric scholarship schemes for SC, ST, EWS and OBC Students- Himachal Pradesh and Kalpana Chawla Chatravati Yojana- Himachal Pradesh (only for meritorious girls' students) etc. So that those students who are eligible for these schemes they can apply through NSP Portal.





# Book Exhibition on Freedom struggle- 12th August 2025









# Women cell:  Lecture on menstrual hygiene






# History museum display






# Library Society Function and Book Display









# Literary Society Function









# Online webinar with kerala college



# PTA Formation





https://www.facebook.com/mandi.khabarnama/

दैनिक सध्या अखबार

# मंडी खबरनामा

...सही खबर आप तक

मण्डी, 25 सितम्बर 2025, आश्विन शुक्ल पंचमी-2082

शुभ नवरात्रि

## अभिभावक-अध्यापक संघ पनारसा के अध्यक्ष बने वीर सिंह

•खबरनामा ब्यूरो

राजकीय महाविद्यालय पनारसा में वर्ष 2025-26 के लिए अभिभावक-अध्यापक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष पद के लिए वीर सिंह, उपाध्यक्ष पद के लिए मनीराम, संयुक्त सचिव पद के लिए निशा देवी तथा कोषाध्यक्ष के लिए प्रकाश चंद को सर्वसम्मति से चुना गया।

इसके अतिरिक्त सदस्य पद के लिए हरि शर्मा, कंचन और संजय कुमार को चुना गया। कार्यकारिणी का गठन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. उरसेम लता की अध्यक्षता में किया गया। डॉ. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, डॉ. डिंपल जामटा, कृष्ण लाल एवं बिंदु सूर्यवंशी मौजूद रहे।

अभिभावक-अध्यापक संघ की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने महाविद्यालय की प्राचार्य के समक्ष यह मांग भी रखी की जल्द महाविद्यालय को अपने नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित किया जाए ताकि विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई संबंधी किसी प्रकार की समस्या ना हो।

# 14 सितम्बर , हिन्दी दिवस









# 9 अक्टूबर 2025: महाविद्यालय में क्रैक अकादमी छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन





# Finally, the Much Awaited...The New Campus



## मुख्यमंत्री करेंगे पनारसा कॉलेज का उद्घाटन।

### 10 नवंबर को होगा कार्यक्रम, तैयारियां शुरू।



नगवाईं। राजकीय महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन समारोह 10 नवंबर को होने जा रहा है। कॉलेज भवन का उद्घाटन मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नवंबर को मुख्यमंत्री में प्रस्तावित मंडी दौरे के दौरान



# महाविद्यालय भवन का उद्घाटन

**सौगात** मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू बोले, अगले सत्र से सेल्फ फाइनेंसिंग से शुरू होगी बीसीए की पढ़ाई

## पनारसा कालेज को मिला 13 करोड़ का भवन

दिव्य हिमाचल ब्यूरो- मंडी

पनारसा कॉलेज को अपना भवन मिल गया है। अगले सत्र से सेल्फ फाइनेंसिंग आधार पर बीवॉक और बीसीए की कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। प्रदेश के 6,297 प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राईमरी की कक्षाएं लगेंगी। 40 स्कूलों में सीबीएससी की पढ़ाई शुरू हो चुकी है।



मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मंडी जिला के पनारसा में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 13.14 करोड़ की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा में व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सत्त प्रयास कर रही है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों से शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम शुरू किया गया है और 100 सीबीएसई स्कूल बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 40 स्कूलों को एफिलिएटिड किया जा चुका है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों तक गुणात्मक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है।

सीएम ने कहा कि प्रदेश की 6,297 प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राईमरी कक्षाएं शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री ने महाविद्यालय पनारसा में अगले सत्र से सेल्फ फाइनेंसिंग आधार पर बी.वॉक और बी.सी.ए. की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी। पूर्व मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री का द्रंग क्षेत्र का तीव्र विकास सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय पनारसा में विज्ञान कक्षाएं शुरू करने से विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी । इस अवसर पर राजस्व एवं बागबानी मंत्री जगत सिंह नेगी, पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष कुल्लू राम सिंह मियां, एचपीएमसी निदेशक जोगिंद्र गुलेरिया, जिला परिषद अध्यक्ष अनीता ठाकुर व अन्य लोग उपस्थित रहे।





महाविद्यालय पनारसा के
उद्घाटन
सुखविन्द्र सिंह
श्री वीरभद्र सिंह

हिमाचल दस्तक TV
हिमाचल दस्तक



# अगले सत्र से चलेंगी बीवॉक व बीसीए की कक्षाएं

## पनारसा कॉलेज भवन के लोकार्पण के दौरान बोले मुख्यमंत्री सुक्खू, विद्यार्थियों को मिलेगी राहत

हिमाचल दस्तक ब्यूरो ■ मंडी

**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंद सिंह सुक्खू ने महाविद्यालय पनारसा पर मेहरबानी करते हुए कहा कि अगले सत्र से सेल्फ फाइनेंसिंग आधार पर बीवॉक और बीसीए की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

**■ कहा- गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार कर रही सतत प्रयास**

उन्होंने कहा कि इन पाठ्यक्रमों को शुरू करने से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख शिक्षा मिलेगी। यह बात सीएम सुक्खू ने सोमवार को मंडी जिला के पनारसा में राजकीय महाविद्यालय पनारसा के 13 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है।

सरकार शिक्षा में व्यवस्था परिवर्तन के माध्यम से गुणात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि नए संस्थान खोलने का उद्देश्य केवल इमारतें खड़ी करना नहीं होना चाहिए, बल्कि उनमें पढ़ने वाले विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। वर्तमान प्रदेश सरकार विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है ताकि उनमें आत्मविश्वास का संचार हो और वह भविष्य की चुनौतियों का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार ने अनेक सुधारात्मक कदम उठाए हैं, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। पहली कक्षा से लेकर जमा दो तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अलग स्कूल शिक्षा निदेशालय स्थापित किया गया है। वर्तमान राज्य सरकार द्वारा उठाए गए सुधारात्मक कदमों से शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से 5वें स्थान पर पहुंच गया है।

उन्होंने कहा कि पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम शुरू किया गया है और 100 सीबीएसई स्कूल बनाए जा रहे हैं, जिनमें से 40 स्कूलों को एफिलिएटिड किया जा चुका है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों तक गुणात्मक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कॉलेज स्तर पर भी सरकार ने अलग निदेशालय बनाया है और उच्च शिक्षा में संरचनात्मक बदलावों की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि कभी-कभी सुधार के लिए कड़े फैसले लेने पड़ते हैं, जो शुरुआत में कठिन लगते हैं, परंतु ये फैसले जनता की भलाई के लिए ही होते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी आधारित शिक्षा प्रदान की जा रही है।



### 6,297 प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं शुरू

**उन्होंने** कहा कि प्रदेश की 6,297 प्राथमिक स्कूलों में प्री-प्राइमरी कक्षाएं शुरू की गई है। हर विद्यार्थी को आधुनिक और गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। यह स्कूल स्मार्ट क्लासरूम, पुस्तकालय, खेल सुविधाओं और अन्य अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है, जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए महत्वाकांक्षी डॉ. यशवंत सिंह परमार विद्यार्थी ऋण योजना शुरू की गई है, जिसके तहत वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को देश और विदेश में एक प्रतिशत ब्याज दर पर 20 लाख रुपये तक ऋण की सुविधा दी जा रही है।

### पूर्व मंत्री ने जताया आभार

**पूर्व** मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री का द्रंग विस क्षेत्र का तीव्र विकास सुनिश्चित करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय पनारसा में विज्ञान कक्षाएं शुरू करने से विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि होगी और इससे कुल्लू महाविद्यालय का दबाव भी कम होगा। पनारसा पहुंचने पर स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी, पूर्व विधायक जवाहर ठाकुर, एपीएमसी अध्यक्ष कुल्लू राम सिंह मियां, एचपीएमसी निदेशक जोगिंदर गुलेरिया, जिला परिषद अध्यक्ष अनीता ठाकुर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# Series of Lectures Conducted under Indian Knowledge System during the session 2025-26

## Two Days Workshop on Indian Knowledge System by IQAC






# Lecture by Dr Rakesh Rana










# Online Lecture by Shri Rakesh Kanwar, Education Secretary, on 19th Feb. On Book Review






# Drug Awareness Program Organised by Women Cell






# रोवर्स एंड रंजेर्स इकाई द्वारा सात दिवसीय पेंटिंग कार्यशाला का आयोजन



दिनांक 26 नवम्बर 2025 को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय बंजार के प्राचार्य श्री आर. के. सिंह थे।



अमर ज्वाला
LL: +91 19057 - 96877
M: +91 94180 - 05835
amarjwala@gmail.com
ADVERTISE YOUR BUSINESS HERE

खबर जो हकीकत बयां करे...
Email: amarjwala@gmail.com
अमर ज्वाला
साप्ताहिक
कुल पृष्ठ: 8
हेल्थ टिप्स पेज न. 7
मूल्य: 4/- रुपये
पंजीकरण सं : HPHIN/2007/27984 भारत सरकार
@पेज न. 4
पोस्टल पंजीकरण न. : Mandi(H.P.)/13./2022-2024

अमर ज्वाला
काउंटर पर उपलब्ध

# राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सीएससीए शपथ समारोह संपन्न

अमर ज्वाला. कुल्लू

राजकीय महाविद्यालय पनारसा में सीएससीए (कॉलेज छात्र-छात्रा परिषद) शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. उरसेम लता ने नव-निर्वाचित सीएससीए सदस्यों को शपथ दिलाई तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि सीएससीए का पद केवल सम्मान का प्रतीक नहीं, बल्कि यह अनुशासन, नेतृत्व और जिम्मेदारी का दायित्व भी है। उन्होंने सभी सदस्यों से विद्यार्थियों के हित में निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया।




**ये रहे मौजूद :** *इस अवसर पर डॉ. चारु अहलूवालिया, प्रो. हीरा सिंह, प्रो. अनीता, डॉ. डिंपल झामटा तथा प्रो. कृष्ण लाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय के अन्य शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भी समारोह में मौजूद रहीं।*

दिनांक 06 दिसम्बर 2025 को निर्वाचन साक्षरता क्लब द्वारा महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मतदाता की भूमिका तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना था।






# इंटर कॉलेज ग्रुप-1, ग्रुप-3 और ग्रुप-4 के विजेता एवं प्रतिभागी









SARDAR PATEL U
13 - 1








WORK HARD

# One day workshop on ‘Setting up Museum’ 22nd Dec. 2025







# National consumer Rights Day celebrated on 24th December 2025





# Lecture organized by Career Counseling Cell in Collaboration with Chitkara University 26th Dec. 2025






# OPEN LIBRARY (Est. Dec. 2025)





6th Jan 2025;  workshop on museum setting up ; Bhujang Ramarao Bhogde, Director heritage foundation Jalgaon Maharashtra



# Cultural Exchange Programme,19th to 29th Jan.2026




# NSS:  Seven Days Residential Camp, Feb. 2026







# Lecture by Professor Dimple Jamta  and ASI Jai Singh on Financial Literacy and Union Budget-2026 and different sections of IPC and NDPS act, respectively.






# Lecture by Dr. Satyavrat Vaidya and Panki Sood on Drug Abuse and Mental Health, and personal experiences as an ex-addict, respectively.






# Activities: During Seven Day NSS camp and Regular activities











# 7 days Vocational training on










राजकीय महाविद्यालय पनारसा
और

# Educational Tour to Chamba





# Natya karyashala



# Shabdkosh hackathon: Community Engagement



# Campus Beautification



# Plantation Drive



Seminar and workshop june 2025 Funded by Parvati project and in collaboration with Forest Department panarsa and SSSPanarsa





एनएचपीसी
NHPC
एनएचपीसी लिमिटेड
NHPC Limited
(A Govt. of India Enterprise)
sa and Forest Department Panarsa (under an MoU) organise a
minar and Workshop
the theme
WITH
TURE
June
25
Ravi Sharma
24 June 2025 at 11:26 am

# Kullu Sahitya Utsav




पर्यावरण । लोक संस्कृति । साहित्य
हिमतरु प्रकाशन समिति द्वारा आयोजित

# International Women’s Day 8th March 2026








# *Abhivyakti*

## CSCA Function: March 2026




परिषद और संगीत विभाग
विद्यालय पनारसा मंडी
वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम


केन्द्रीय छात्र परिषद और संगीत विभाग
राजकीय महाविद्यालय पनारसा मंडी
प्रस्तुत करता है वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम
धरोहर और सौहार्द


केन्द्रीय छात्र परिषद और संगीत विभाग
राजकीय महाविद्यालय पनारसा मंडी


केन्द्रीय छात्र परिषद और संगीत विभाग
राजकीय महाविद्यालय पनारसा मंडी
प्रस्तुत करता है वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम


केन्द्रीय छात्र परिषद और संगीत विभाग
प्रस्तुत करता है वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम



## सारांश :

महाविद्यालय की स्थापना से लेकर आज तक महाविद्यालय निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। महाविद्यालय से अनेक विद्यार्थी स्नातक कर चुके हैं और वर्तमान में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं जिसमें हमारे शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। महाविद्यालय में वर्तमान में विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल को बढ़ाने के लिए अनेक कार्यशालाएं आयोजित करवाई जा रही हैं। महाविद्यालय ने तीन समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए हैं जो कि विद्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक सिद्ध हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर-रेंजर, रेड रिबन क्लब एवं महिला प्रकोष्ठ इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों में आपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिसका प्रभाव हमें विद्यार्थियों में दिख रहा है। महाविद्यालय को अभी और नए कीर्तिमान भी स्थापित करने हैं। अंत में, मैं उन सभी विद्यार्थियों को बधाई देना चाहती हूँ जिन्हें आज पुरस्कार प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और आप सभी का पुनः हृदय की गहराइयों से धन्यवाद करती हूं।


THANK
YOU